# हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए

हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए,
सर पे मेरे दादा तेरा हाथ चाहिए ।
सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए,
मुझको तो बस इतनी सी सौगात चाहिए ॥
हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए..

मेरी आंखों के तुम तो तारे हो,
जान से ज्यादा मुझे प्यारे हो ।
रूठे सारी दुनिया, तुम रूठना नहीं,
मुझको तेरे प्यार की बरसात चाहिए ॥
हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए..

मुझपे तेरी कृपा ये कम ना हैं,
फिर भी छोटी सी एक तमन्ना है ।
मर ना जाये दादा तुम्हे याद करके,
जीते जी एक तुमसे मुलाकात चाहिए ॥
हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए..

मेरी दुनिया को तुम बसाये हो,
मेरी सांसो में तुम समाये हो ।
दिन में साथ साथ तुम रहो मेरे,
सपनो में आते रहो, वो रात चाहिए ॥
हर जनम में भैरव तेरा साथ चाहिए..

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19813/title/har-janam-me-bherav-tera-sath-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |